''जय भिक्षु'' ''जय तुलसी'' ''जय महाप्रज्ञ''

भारतीय स्टेट बैंक
हर मोड़ पर आपके साथ
सिर्फ़ बैंकिंग. और कुछ नहीं.
हर भारतीय का बैंक

आचार्य श्री महाप्रज्ञ चातुर्मास व्यवस्था समिति

चातुर्मास स्थलः
तेरापंथ भवन, दुगड़ विद्यालय रोड़,
सरदारशहर, राजस्थान – 331403

भाव भरा आमंत्रण!

साधर्मिक बंधुवर दिनांक : 07 जून, 2010

सादर जय जिनेन्द्र !

''चातुर्मासिक मंगल प्रवेश एवम् नवनिर्मित तेरापंथ भवन का भव्य उद्घाटन समारोह हेतु आमंत्रण''

मान्यवर,

अध्यात्म जगत के उज्ज्वल नक्षत्र, ध्रुवयोगी, युवामनीषी, तेरापंथ धर्मसंघ के देदीप्यमान नक्षत्र ग्यारहवे पट्टधर, महातपस्वी सरदारशहर के सपूत **आचार्य श्री महाश्रमण जी** एवं **संघ महानिर्देशिका साध्वी प्रमुखा श्री कनक प्रभाजी** अपनी धवल सेना के साथ **तेरापंथ धर्मसंघ की राजधानी सरदारशहर** में सानन्द विराजमान है। अध्यात्मिक प्रभावना उत्तरोत्तर वृध्दि की और अग्रसर है।

बन्धुवर, सरदारशहर की पावन धरा अपने आप में गौरव की अनुभूति कर रही है क्योंकि पूज्यवरों की अनुकम्पा व आशीर्वाद से यह धरती कृत–कृत्य हो गई है जहाँ एक और अक्षयतृतीया का महोत्सव बडी धूम धाम से सानन्द सम्पन्न हुआ वहीं दूसरी ओर आचार्य की महाश्रमणजी का पदाभिषेक समारोह हजारो–हजारो श्रध्दालुजनों की उपस्थिति में सानन्द सम्पन्न हुआ। आचार्य महाप्रज्ञ की महाप्रयाण स्थली बनने का सौभाग्य इस धरा को प्राप्त हुआ है।

बन्धुओ, आचार्य प्रवर का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश सरदारशहर की पावन धरती पर विशाल नवनिर्मित तेरापंथ भवन में 16 जूलाई, 2010 को ससंघ होगा। इसी दिन नवनिर्मित तेरापंथ भवन का भव्य उद्घाटन एवं लोकार्पण समारोह परमपुज्य आचार्य श्री महाश्रमण जी के सानिध्य में आयोजित होगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर आप स्वयं सपरिवार पधारें तथा अन्य श्रावक समाज को भी जानकारी प्रदान करके इस अवसर पर आने के लिए उत्साहित एवं प्रेरित करें ताकि सम्पूर्ण चातुर्मास काल में पूज्यवर एवं चारित्र आत्माओं का सेवा–दर्शन उपासना का लाभ उठा सकें।

आपके क्षेत्र में विराजित चरित्रात्माओं को हमारी वंदना व सुख पृच्छा निवेदित करावें

आपके पधारने की प्रतिक्षा में...

आचार्य श्री महाप्रज्ञ चातुर्मास व्यवस्था समिति, सरदारशहर।

रतन दूगड़

रतन दूगड़ (F.C.A.)
महामंत्री

Sumati Chand Gothi

सुमति चन्द गोठी
अध्यक्ष

अध्यक्षीय कार्यालयः 80/82, धनजी स्ट्रीट, 4थी मंज़िल, मुंबई–400 003.
दूरभाष : 022 – 2340 0680, फॅक्सः 022 – 6631 7220 मोबईल नं.: 98205 29931